दिन– शुक्रवार | दिनांक– 31 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए ने विकसित बिहार के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी किया। एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार देने का किया वायदा।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– संकल्प पत्र विकसित और आत्मनिर्भर बिहार के सपने को पूरा करने वाला है।

03. खराब मौसम के कारण एनडीए का चुनाव प्रचार आंशिक रूप से हुआ प्रभावित। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की आज होने वाली सभी सभाएं रद्द।

04. और, चक्रवाती तूफान **मोन्था** के प्रभाव से राज्य के अधिकतर हिस्सों में पिछले दो दिनों से बारिश का सिलसिला जारी। सुपौल के वीरपुर में सबसे अधिक एक सौ अड़तालीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एनडीए ने आज विधानसभा चुनाव के लिए संयुक्त रूप से चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। इसे संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। संकल्प पत्र में राज्य सरकार के रिपोर्ट कार्ड की भी चर्चा की गयी है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा समेत विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि संकल्प पत्र में रोजगार सृजन, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष रूप से बल दिया गया।

———रिपोर्ट———

संकल्प पत्र में एक करोड़ से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का वायदा किया गया है। साथ ही केजी से लेकर पीजी तक की मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने की बात कही गयी है भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि एनडीए की सरकार बनने पर युवाओं के कौशल विकास पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

——बाइट———सम्राट चौधरी 01—

श्री चौधरी ने बताया कि संकल्प पत्र में अति पिछड़ा वर्ग के विभिन्न व्यावसायिक समूहों को रोजी–रोजगार शुरू करने के लिए दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की गयी है।

——बाइट———सम्राट चौधरी 02——

संकल्प पत्र में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की घोषणा की गई है। इसके अलावा कृषि संबंधी बुनियादी ढांचे पर एक लाख करोड़ रूपये निवेश करने की बात भी कही गई है। साथ ही कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि योजना शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये देने की घोषणा की गई है, जो पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि के अतिरिक्त होगी। इसके अलावा संकल्प पत्र में पंचामृत गारंटी के तहत एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली, पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज, पचास लाख नये पक्के मकान, मुफ्त राशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भी वायदा किया गया है। साथ ही पांच वर्षों में बाढ़ मुक्त बिहार की भी घोषणा की गई है। एनडीए ने सात एक्सप्रेस वे बनाने और तीन हजार छह सौ किलोमीटर रेलवे लाईन के आधुनिकीकरण का भी वायदा किया है। राज्य में उद्योगों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रूपये निवेश करने और प्रत्येक जिले में आधुनिक औद्योगिक इकाईयों की स्थापना और दस नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जाने की घोषणा की गयी है। समाचार कक्ष से मैं अभिषेक दास।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जारी हुआ एनडीए का संकल्प–पत्र आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के विजन को स्पष्ट रूप से सामने लाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों के जीवन को और आसान बनाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के चौतरफा विकास के लिए डबल इंजन सरकार ने कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी है, जिसके चलते बिहार बड़े–बड़े बदलाव का साक्षी बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए विकास की गति को और तेज कर सुशासन को जन–जन की समृद्धि का आधार बनाने के लिए कृतसंकल्प है। श्री मोदी ने विश्वास जताया कि एनडीए सरकार के प्रयासों को आम लोगों का भरपूर समर्थन मिलेगा।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए का संकल्प पत्र बिहार को विकसित राज्य बनाने के सपने को पूरा करेगा।

–––बाइट–––

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि एनडीए का घोषणा पत्र **सबका साथ, सबका विकास** के संकल्प को पूरा करने वाला है।

–––बाइट–––

महागठबंधन ने एनडीए के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि एनडीए को अपने बीस वर्षों के शासनकाल के लिए माफी पत्र पेश करना चाहिए था।

–––बाइट–––

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बिहार चुनाव पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा कि एनडीए के घोषणा पत्र में झूठे और लोक–लुभावन वायदे किए गये हैं।

–––बाइट–––

———————————————————————————

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण चुनाव प्रचार प्रभावित हुआ है। खराब मौसम के कारण एनडीए का प्रचार अभियान आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। वहीं, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की आज होने वाली सभी चुनावी सभाएं रद्द कर दी गई। श्री यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज पटना के बिक्रम खेल मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि एनडीए के घोषणा पत्र के अनुरूप राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम किया जाएगा।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीवान के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र और वैशाली के लालगंज में एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले बीस वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन की नींव मजबूत हुयी है और राज्य के विकास को नई रफ्तार मिली है।

———बाइट———

इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कुशेश्वर स्थान विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी अतिरेक कुमार और अलीनगर से एनडीए उम्मीदवार मैथिली ठाकुर के पक्ष में रोड–शो किया। श्री कुमार ने समस्तीपुर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी रोड–शो किया। इधर, भाजपा नेता मनोज तिवारी ने आज खगड़िया में जदयू उम्मीदवार बब्लू मंडल के समर्थन में रोड–शो किया।

———————————————————————————

सीपीआईएमएल के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने भोरे विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार धनंजय के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधियों का बोलबाला है और लोगों ने इस सरकार को बदलने का मन बना लिया है।

———बाइट———

सीपीएम की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने समस्तीपुर के विभूतिपुर से पार्टी प्रत्याशी अजय कुमार के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इधर, जनशक्ति जनता दल, जनसुराज और बहुजन समाज पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दल भी अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान चला रहे हैं।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने पटना के मोकामा में दुलार चंद्र यादव की हत्या के मामले में पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी है। वहीं, उनके पोते के बयान पर भदौर थाने में जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, उनके दो भतीजे रणवीर सिंह और कर्मवीर सिंह के अलावा छोटन सिंह और कंजय सिंह समेत दर्जनों अज्ञात लोगों पर हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। इधर, आज मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया। बाद में उनका अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि बाढ़–मोकामा क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आज विधानसभा चुनाव को लेकर तैनात चार सौ से अधिक पर्यवेक्षकों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। बैठक में चुनाव व्यय पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और सामान्य पर्यवेक्षक शामिल हुए। इस दौरान पर्यवेक्षकों द्वारा बूथों पर सुविधाएं सुनिश्चित करने, ईवीएम और वीवीपैट के रेंडमाईजेशन और कमीशनिंग की शिकायतों समेत अन्य विषयों पर विचार–विमर्श किया गया।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान **मोन्था** के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। सुपौल के वीरपुर में सबसे अधिक एक सौ अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————————

आकाशवाणी पटना केंद्र के विज्ञापन प्रसारण सेवा के प्रमुख अनिल कुमार और श्रोता अनुसंधान विभाग के अधिकारी धीरेन्द्र मोहन चौधरी आज सेवानिवृत्त हो गये। दोनों कर्मियों के सम्मान में आकाशवाणी क्लब, पटना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आकाशवाणी केंद्र, पटना के प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. एनडीए ने विकसित बिहार के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी किया। एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार देने का किया वायदा।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– संकल्प पत्र विकसित और आत्मनिर्भर बिहार के सपने को पूरा करने वाला है।

03. खराब मौसम के कारण एनडीए का चुनाव प्रचार आंशिक रूप से हुआ प्रभावित। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की आज होने वाली सभी सभाएं रद्द।

04. और, चक्रवाती तूफान **मोन्था** के प्रभाव से राज्य के अधिकतर हिस्सों में पिछले दो दिनों से बारिश का सिलसिला जारी। सुपौल के वीरपुर में सबसे अधिक एक सौ अड़तालीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।